सुनहरा
100 वाँ वर्ष

आज

मात्र
2 रूपये में

रेखा का बंगला सील, गार्ड निकला ...11
website : www.ajhindidaily.in / www.ajhindidaily.com
वनडे मैच से क्रिकेट में वापसी कर...12

लखनऊ, रविवार, 12 जुलाई, 2020 नगर संस्करण पृष्ठ 12 वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज, (मध्य प्रदेश संस्करण), कानपुर, (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, पटना, रांची, (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित

भरत राज के शोध की विश्व स्तर पर सराहना

लखनऊ, शनिवार। स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज, लखनऊ संबद्ध अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय के लिए अत्यन्त गर्व और खुशी की बात है, कि प्रो. भरत राज सिंह, महानिदेशक (तकनीकी), एस.एम.एस. के अध्याय शीर्षक ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों का जलवायु परिवर्तन पर अध्ययन समुद्र स्तर में वृद्धि और आपदा आवृत्ति जो उनकी संपादित पुस्तक ग्लोबल वार्मिंग- प्रभाव और भविष्य की संभावनाएं का एक चैप्टर है, विश्व स्तर पर बहुत लोकप्रिय हो गया है। उनके इस शोध कार्य ने 6584 से अधिक की उच्च पहचान (दृश्यता) प्राप्त की और वैज्ञानिक समुदाय के भीतर प्रभावी पैठ बनाई है । इन्टेक-ओपन पब्लिशर्स, यूनाइटेड-किन्गडम के द्वारा, प्रो. सिंह को उनकी उक्त प्रकाशित शोध की विश्वस्तर की उपलब्धियों के लिए काफी सराहना तथा बधाई प्रदान की गयी है।